# University in News on 05 May 2025

## JAGRAN CITY PAGE III

# लवि : स्नातक प्रवेश परीक्षा में आएंगे 100 एमसीक्यू

## प्रत्येक सही उत्तर के लिए मिलेंगे दो अंक निगेटिव मार्किंग नहीं

जागरण संवाददाता • लखनऊ: यूपी बोर्ड और सीआइएससीई के नतीजे आ चुके हैं। सीबीएसई भी अपने परिणाम जल्द जारी करेगा। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की पसंद लखनऊ विश्वविद्यालय होती है। यहां स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 31 मई तक होंगे। दाखिले प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट सूची से होंगे। विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा के पैटर्न की विस्तृत सूचना वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर दी है।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्नातक प्रवेश परीक्षा एमसीक्यू (मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चयन) पर आधारित होगी। प्रत्येक कोर्स की प्रवेश परीक्षा 200 अंकों की होगी। इनमें 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक दिए जाएंगे। कोई भी निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रवेश परीक्षा का समय 90 मिनट होगा।

### इन विषयों से आएंगे प्रश्न

बीए (एनईपी) : हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिक शास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र (12वीं स्तर)।

बीकाम, बीकाम आनर्स : मेंटल एबिलिटी, कामर्स, एकाउंटिंग, वाणिज्यिक गणित, अर्थशास्त्र, कंप्यूटर (12वीं स्तर)।

बीएससी गणित(एनईपी) : फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित (12वीं स्तर),



विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के लिए दी गई है पेपर पैटर्न की जानकारी

एप्लीकेशन का बुनियादी ज्ञान।

बीएससी बायो, बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स : केमिस्ट्री, बाटनी, जूलाजी (12वीं स्तर), मानसिक योग्यता, कंप्यूटर एप्लीकेशन का बुनियादी ज्ञान।

एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय : लीगल जनरल अवेयरनेस, इतिहास, भूगोल, सामान्य विज्ञान, रीजनिंग, मेंटल एबिलीटी।

बीबीए : सामान्य ज्ञान, इतिहास, भूगोल, सामान्य विज्ञान, रीजनिंग, मेंटल एबिलिटी।

बीसीए : सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, न्यूमैरिकल एप्टीट्यूड, गणित, कंप्यूर साइंस व लाजिकल रीजनिंग।

डीफार्म : 100 प्रश्न होंगे। 50 प्रश्न केमिस्ट्री, फिजिक्स (12वीं स्तर), 50 प्रश्न गणित, बायोलाजी (12वीं स्तर) (गणित और बायो में से कोई एक विकल्प)

बीवाक : फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, बायोलाजी, बेसिक कंप्यूटर (12वीं स्तर)।

### दीन दयाल कालेज में 15 तक आवेदन, 16 से प्रवेश



जासं • लखनऊ: पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला पीजी कालेज, राजाजीपुरम में स्नातक पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन 15 मई तक भरे जा सकेंगे। दाखिले 15 से 31 मई तक लिए जाएंगे। प्राचार्य डा. रमेश चंद्र वर्मा ने प्रवेश संबंधी सूचना जारी की है।

उन्होंने बताया कि बी.ए में 430, बी.एससी बायो की 40, बी.एससी गणित की 40 व बी.काम की 100 सीटों पर प्रवेश होंगे। महिला अभ्यर्थी www.ggpgajajipuram.com पर जाकर आवेदन कर सकती हैं। इससे पहले एलयूआरएन पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। आवेदन फार्म भरने या फीस जमा करने में कोई दिक्कत होने पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4041116 या ई-मेल kshelpmail@gmail.com पर सुबह से शाम पांच बजे तक संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश के समय आवेदन पत्र की दो हार्ड कापी, हाईस्कूल, इंटर के अंक पत्र व प्रमाण पत्र, आरक्षण प्रमाण पत्र, टीसी, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार व दो फोटो लाना अनिवार्य है।

## डा.शकुंतला विश्वविद्यालय का शुल्क विवरण जारी

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अपने यहां अध्ययनरत स्नातक, परास्नातक, पी.एचडी पाठ्यक्रमों के लिए समर्थ पोर्टल पर आनलाइन पंजीकरण एवं अध्ययन शुल्क जमा करने संबंधी नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें प्रत्येक पाठ्यक्रम के अनुसार सम और विषम सेमेस्टरवार शुल्क दिया गया है।

कुलसचिव रोहित सिंह की ओर से वेबसाइट पर जारी सूचना के अनुसार सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रम के निर्धारित शुल्क में मात्र रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा शुल्क को कालेज व संस्थाएं डीडी/समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय को प्रेषित किया जाएगा। शुल्क जमा किए बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जाएगी। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### शोध प्रबंध जमा करने की अंतिम तिथि आज



डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में संचालित एलएलएम (दो वर्षीय) पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को शोध प्रबंध (डिजरटेशन) सोमवार को जमा करना अनिवार्य है। इससे पहले 30 अप्रैल तक समय दिया गया था, लेकिन विद्यार्थियों के अनुरोध पर इसकी समय सीमा पांच मई कर दी गई।

## लोहिया विधि विश्वविद्यालय में रिपीट एग्जाम सात से

जागरण संवाददाता • लखनऊ : डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय मे बी.ए एलएलबी आनर्स, एक वर्षीय एलएलएम और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंटीलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स (पीजीडीआइपीआर) पाठ्यक्रम मे रिपीट एक्जाम की समय सारिणी जारी कर दी है। यह परीक्षाएं सात मई से शुरू होकर 29 मई तक संचालित की जाएंगी। संबंधित छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.rmlnlu.ac.in/en के माध्यम से विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं। एसोसिएट परीक्षा नियंत्रक डा. ईशा यादव की ओर से जारी समय सारिणी के अनुसार यह परीक्षाएं दो पालियों मे होंगी। इसका समय सुबह 10 से दोपहर एक बजे और दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी।